


नवभारत
ग्वालियर, रविवार, 10 मई, 2026



# गोहद सीईओ पर महिला जनपद सदस्यों ने लगाए आरोप

## महिला जनप्रतिनिधियों ने अभद्र व्यवहार और भ्रष्टाचार के लगाए आरोप



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 9 मई.** गोहद जनपद पंचायत के सीईओ रामपाल बघेल पर महिला जनपद सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार और अभद्र व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई है। महिला जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि विकास कार्यों के लिए फण्ड आवंटन के नाम पर 20 प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा है और कमीशन नहीं देने वाले सदस्यों को फण्ड से वंचित किया जा रहा है।

शिकायत में कहा गया है कि जनपद पंचायत की बैठकों में पंचायती राज: संचालनालय के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। बैठक बुलाने के बावजूद सदस्यों को एजेंडा जारी नहीं किया जाता, जिससे विकास कार्यों और योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ चर्चा नहीं हो पाती। महिला जनपद सदस्यों ने आरोप लगाया कि बैठकों के दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और विकास कार्यों को लेकर सवाल उठाने पर अधिकारियों का रवैया असहयोगपूर्ण रहता है।

### कमीशन के बिना नहीं हो रहे काम

महिला जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि रामपाल बघेल के पदस्थ होने के बाद ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। शिकायत के अनुसार दो से तीन वर्ष पुराने कार्यों का भी कथित रूप से 20 प्रतिशत कमीशन लेकर मूल्यांकन कराया जा रहा है। आरोप यह भी है कि केवल उन्हीं लोगों को फण्ड आवंटित किया गया, जिन्होंने कथित रूप से कमीशन दिया, जबकि अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनदेखी की गई। महिला जनपद सदस्यों ने आरोप लगाया कि बिना कमीशन कोई कार्य नहीं किया जाता और कुछ कथित दलालों के माध्यम से पूरी व्यवस्था संचालित की जा रही है।

**आंदोलन और हाईकोर्ट जाने की चेतावनी:**
शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो सभी महिला जनपद सदस्य बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगी। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर वे अपने आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए भी तैयार हैं। महिला जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में याचिका दायर करेंगी। इस शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, चम्बल संभाग आयुक्त तथा जिला पंचायत भिंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी भेजी गई है।

**इनका कहना है...**
कलेक्टर साहब द्वारा शिकायत फॉरवर्ड की गई है और शिकायत मुझे प्राप्त हुई है। मामले के सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**वीर सिंह चौहान, सीईओ, जिला पंचायत भिंड**



# नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

**लोक अदालत को उत्सव की तरह मनाएं, पुराने मामलों का एक दिन में समाधान संभव : न्यायाधीश बारिया**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 9 मई.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड के.एस. बारिया द्वारा शनिवार को एडीआर भवन में नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत केवल न्यायिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपस्थित पक्षकारों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत को उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराएं। बारिया ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर वर्षों से लंबित मामलों का भी एक ही दिन में निराकरण संभव है।

# जिपं सीईओ का मेहगांव और गोहद में औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 9 मई.** ग्रामीण विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान ने शनिवार को जनपद पंचायत मेहगांव एवं गोहद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का सघन निरीक्षण किया।

### ग्राम पंचायत बहुआ में सीसी रोड और जल संवर्धन कार्यों का निरीक्षण

सीईओ ने सबसे पहले जनपद पंचायत मेहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बहुआ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सीसी रोड निर्माण कार्य एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुराने कुओं और तालाबों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने जनसहयोग से बनाए जा रहे सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता को गंभीरता से लेते हुए उसकी टेस्टिंग कराने के लिए ईआरईएस को तत्काल निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव के अनुपस्थित पाए जाने पर उनके विरुद्ध एक दिन का वेतन काटने संबंधी नोटिस जारी किया गया।

### अधूरे कार्यों पर सख्ती

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए तथा अधूरे कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**ग्राम पंचायत खितौली में अधूरा मिला अमृत सरोवर:** इसके बाद सीईओ जनपद पंचायत गोहद अंतर्गत ग्राम पंचायत खितौली पहुंचे। यहां उन्होंने वर्ष 2025-26 के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित उपयंत्री को नोटिस जारी किए। साथ ही सभी को 8 दिवस के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

सीईओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में सरपंच के विरुद्ध पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य में कोई व्यक्ति बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुराने अमृत सरोवर को शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं का सही दस्तावेजीकरण सुनिश्चित हो सके।

# मोर मामले पर बढ़ा विवाद, एक माह बाद भी नहीं खुला राज

## सोशल मीडिया में वायरल तस्वीरों पर उठे सवाल,मोर के छोड़े जाने के प्रमाण अब तक नहीं

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 9 मई.** राष्ट्रीय पक्षी मोर से जुड़ा मामला अटेर फॉरेस्ट विभाग के लिए लगातार मुश्किलें बढ़ाता जा रहा है। घटना को लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी वन विभाग इस मामले की सच्चाई स्पष्ट नहीं कर पाया है। वहीं, पूरे मामले में विभागीय जांच के बजाय अधीनस्थ कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाने से नए सवाल खड़े हो गए हैं।

सोशल मीडिया और विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि जिस बोरी में मोर को ले जाया जा रहा था, उसमें वह मृत अवस्था में नजर आ रहा है। इसके बावजूद अब तक विभाग की ओर से घायल मोर के इलाज से संबंधित कोई दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। साथ ही उपचार के बाद मोर को जंगल में छोड़े जाने का कोई वीडियो या प्रमाण भी मीडिया के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। यह मामला पहले भी सुर्खियों में रहा, जब नवभारत ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हालांकि, विभागीय जांच और वरिष्ठ अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब मामला ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। मामले को लेकर जब अटेर रेंजर कृतिका शुक्ला से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। विभाग के कुछ अधिकारियों का कहना है कि यदि मोर का उपचार किया गया है और वह जीवित है, तो इसकी पुष्टि के लिए स्पष्ट प्रमाण मीडिया और आमजन के सामने रखा जाना चाहिए। फॉरेस्ट गार्ड का कहना है कि वह हमेशा विभागीय नियमों के तहत कार्य करते हैं और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाते हैं। इसके बावजूद उन्हें अनावश्यक नोटिस देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। फॉरेस्ट गार्ड ज्योति तोमर ने कहा कि अगर मैं मैडम के नाम से थाने पर बात करती, तो अपने निजी मोबाइल का उपयोग क्यों करती? मैंने केवल सुरपुरा थाने में पदस्थ डायल-100 आरक्षक रघुनंदन से घायल मोर के संबंध में जानकारी ली थी।

## जनगणना कार्य समय से पूर्ण करने वाले प्रगणकों का हुआ सम्मान

**भिंड।** भिंड नगर पालिक में जनगणना कार्य के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करने वाले प्रगणकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी वीरसिंह चौहान तथा सीएमओ यशवंत वर्मा एवं नगर जनगणना अधिकारी यशवंत वर्मा द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। सम्मानित प्रगणकों में रामप्रकाश शाक्य (एचएलबी-239), देवेन्द्र कुमार विश्वास (एचएलबी-213), राकेश सिंह भदौरिया (एचएलबी-120), सचिन शर्मा (एचएलबी-022), राजेश त्रिपाठी (एचएलबी-379), रामवरन शर्मा एवं उपेंद्र सिंह (एचएलबी-336) शामिल रहे।

# दबोह में एसपी असित यादव का फूलमालाओं से किया गया स्वागत

## डॉ. अमित यादव के नेतृत्व में किया गया आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**दबोह, 9 मई.** भिंड पुलिस अधीक्षक पद से पदोन्नत होकर ग्वालियर रेंज के डीआईजी बने डॉ. असित यादव के प्रथम नगर आगमन पर दबोह में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। नगर के दबोह बायपास से लेकर झंडा चौक तक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। डॉ. अमित यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पुष्पमालाओं, आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बायपास पर स्वागत के बाद झंडा चौक पर मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां डॉ. अमित यादव के नेतृत्व में नागरिकों ने डीआईजी डॉ. असित यादव का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अमित यादव ने कहा कि दबोह नगर उनके हृदय में बसता है और यहां के लोगों की समस्याएं उनकी अपनी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर संभव सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। विशेष रूप से चिकित्सा आपात स्थिति में किसी भी समय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी उन्होंने दिया।

कार्यक्रम का संचालन नारायण दास बघेल 'फौजी' ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन जितेंद्र यादव ने व्यक्त किया। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी लाखन सिंह यादव, वरिष्ठ नेता नन्दराम बघेल, नारायण दास बघेल फौजी, आशीष यादव इंदरगढ़, सुरेश यादव (पूर्व मंडी सहायक उप निरीक्षक) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में पंकज यादव, राजेंद्र यादव, राजा यादव, कुलदीप यादव, अश्वनी यादव, आयुष यादव, लालता प्रसाद कुशवाह, अरविंद गुप्ता, बसु कोठारी, गुल्ली यादव, संतोष यादव, रामनरेश यादव फौजी, विनोद रजक सहित सैकड़ों नागरिक शामिल रहे।

# बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए 14 को लगेंगे शिविर

## बिल सुधार से नए कनेक्शन तक होंगे काम


**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 9 मई.** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'सम्पर्क अभियान' के तहत मालानपुर संभाग में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 14 मई से 23 मई 2026 तक 4 अलग-अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे। उप-महाप्रबंधक हरीश मेहता द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार, कलेक्टर जिला भिण्ड के आदेश व कंपनी मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर यह 12 माह का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 14 मई सुबह 11:00 से शाम 5:00 वार्ड क्र. 01 (सिंचवारी) नगर पंचायत मालानपुर, शा. स्कूल सिंचवारीद्य दिनांक 16 मई, सुबह 11:00 से शाम 5:00, वार्ड क्र. 05 (कुशवाह) - कालोनी हरिराम का पुरा शासकीय मिडिल स्कूल हरिराम का पुरा। 19 मई सुबह 11:00 से शाम 5:00,ग्राम महो शा. स्कूल। 23 मई सुबह 11:00 से शाम 5:00 वार्ड क्र. 02 (सिंघवारी) नगर पंचायत मालनपुर आंगनवाड़ी कार्यालय सिंघवार।

### शिविरों में मिलेंगी ये सुविधाएं

1. बिल संबंधी: गलत बिल, अधिक बिल, मीटर रीडिंग में सुधार, डुप्लीकेट बिल, बिल जमा करने की सुविधा। 2. मीटर संबंधी: बंद/दोषपूर्ण मीटर बदलना, मीटर फास्ट, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायत। 3. नए कनेक्शन: घरेलू एवं कृषि कनेक्शन, भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, अस्थायी कनेक्शन। 4. अन्य: स्थायी विच्छेदन, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, भार एवं श्रेणी परिवर्तन संबंधी कार्य।

विभाग ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करेंगे। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने साथ पुराना बिजली बिल, आधार कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर आएं।

# संजीव कांकर का स्वागत, मेहगांव में गूंजे डोल-नगाड़े




**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 9 मई.** मेहगांव की पावन धरती पर शुक्रवार को उत्साह, गौरव और जनसमर्थन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव कांकर मध्यप्रदेश सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर मेहगांव के ग्वालियर रोड पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुरेंद्र त्यागी ठेकेदार के नेतृत्व में डोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ कांकर का जोरदार स्वागत किया ग्वालियर रोड़ शांतिनगर पर लोकप्रिय युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला के नेतृत्व में अभूत पूर्व स्वागत हुआ नगर में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और कार्यकर्ताओं ने 'भिंड का बेटा जिंदाबाद' के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। स्वागत समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पिंकी शर्मा भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता कौशल पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी नरवरिया राजेश त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम राजौरिया मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद चौधरी श्री भगवान कसौलिया गुड्डी निगम स्नेहलता भदौरिया महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुमन राठौर राकेश दंडोतिया राजेश व्यास राधामोहन पटेल अभय करसोलिया आकाश करसोलिया धीरू करसोलिया बृजेश राजौरिया शोखीराम जाटव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे अपने संबोधन में संजीव कांकर ने कहा कि 'मैं भिंड जिले की इस पवित्र मिट्टी को नमन करता हूं यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे भिंड जिले की जनता और कार्यकर्ताओं के विश्वास का सम्मान है। मैं सदैव जिले के विकास और जनसेवा के लिए समर्पित रहूंगा।

## डीपीएस कॉलेज में एनएसयूआई ने दिया धरना, तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

**नवभारत न्यूज, दबोह।** दुर्गाप्रसाद सर्राफ महाविद्यालय इन दिनों शिक्षा के मंदिर के बजाय विवादों का अखाड़ा बना हुआ है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कॉलेज प्रबंधन पर प्रायोगिक परीक्षाओं के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली करने के संगीन आरोप लगाए गए हैं। इस मामले ने अब राजनीतिक मोड़ ले लिया है और एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी और तेज धूप की परवाह न करते हुए कॉलेज के बाहर ही मोर्चा खोल दिया। करीब दो घंटे तक चले इस धरने में कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर दिव्यांश कौरव , आशीष भास्कर , राहुल जाटव, शिवम् जाटव, मैक्स जाटव, अंशुल गौतम, सिद्धार्थ सिंह और अभिषेक सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'कॉलेज प्रशासन छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। अवैध वसूली का यह खेल अब और नहीं चलेगा। जब हम शांति से बात करने आए, तो जिम्मेदार अधिकारी भाग खड़े हुए, जो खुद उनकी संलिप्तता की ओर इशारा करता है।'

**— शिवम रजक, ब्लॉक अध्यक्ष, एनएसयूआई**

**रक्तदान महादान : मंत्री राकेश शुक्ला**

# रक्तदाताओं का किया सम्मान,हर बूंद से बचती है जिंदगी






**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 9 मई.** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में स्थित सूर्या रोशनी इंडस्ट्रीज में शनिवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जयारोग्य अस्पताल ग्वालियर एवं जीवन रक्षक संजीवनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मध्य प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने रक्तदाताओं का माला पहनाकर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह सबसे बड़ा दान है। रक्त की एक-एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है।

## सूर्य रोशनी में लगा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है और किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल जाता है। मंत्री शुक्ला ने युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें और दूसरों को भी प्रेरित करें, हमारे देश में हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की जरूरत पड़ती है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। नियमित रक्तदान से हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है आगे उन्होंने कहा कि यह सामाजिक कार्य मालनपुर क्षेत्र से आगे निकलकर महगांव, भिंड मैं भी होना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले जहां जरूरत पड़ेगी हम आपके साथ खड़े हैं। कंपनी के यूनिट हेड तपन बंदोपाध्याय एवं एचआर हेड मुकुल चतुर्वेदी और जयारोग्य अस्पताल से डॉक्टर अनीता आर्य ने बताया कि शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसे जयारोग्य अस्पताल की टीम ने सुरक्षित संग्रह किया। यह रक्त थैलेसीमिया, कैंसर और दुर्घटना पीड़ितों के काम आएगा।

**आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर बनीं स्व-सहायता समूह की बहनें:** रक्तदान शिविर परिसर में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने हाथों से बने उत्पादों की आकर्षक स्टाल लगाई। तेल, हर्बल शैंपू, फिनायल, घर का अचार, पारस साबुन, चावल पापड़, सेनेटरी पैड, मिर्च-धनिया पाउडर जैसे शुद्ध उत्पादों को देखकर मंत्री शुक्ला बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आज हमारी बहनें आत्मनिर्भर बनकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। वे अब किसी के भरोसे नहीं हैं। अपने हुनर से स्वरोजगार कर परिवार चला रही हैं और दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। यही सच्चा महिला सशक्तिकरण है। मंत्री ने सभी बहनों का हौसला बढ़ाया।

**सूर्या रोशनी बनी रोजगार का सूरज :**इस दौरान कंपनी ने एलईडी बल्ब, वायर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की स्टाल भी लगाई। मंत्री राकेश शुक्ला ने स्टॉल का अवलोकन किया और कहा कि सूर्या रोशनी ने कम समय में गुणवत्ता के दम पर बड़ी पहचान बनाई है। यह कंपनी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है जिससे मालनपुर के सैकड़ों युवाओं को अपने घर के पास ही काम मिल रहा है। कार्यक्रम में मंत्री शुक्ल ने सूर्या फाउंडेशन से जुड़े छात्रों को सम्मानित किया कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री शुक्ला ने कंपनी परिसर में फैक्ट्री प्रबंधन के साथ वृक्षारोपण भी किया और वृक्षों के महत्व को बताया । इस अवसर पर डॉ आरके शुक्ला, पूर्व सरपंच मेहताब सिंह गुर्जर, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, आदित्य शुक्ला नोवा,नगर परिषद अध्यक्ष राजश्री मुकेश किरार, सीएमओ रेहान अली जैदी, हरीश मेहता, संजय सिंह कुशवाह, पुरुषोत्तम लाल, अभिषेक पांडे, योगेश चौहान ,मुकेश मेवाफरोश, पटवारी संजय शर्मा, पटवारी आदित्य सिंह कुशवाह, सहित क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के अधिकारी, कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।